प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा गबन मामले में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने चंपत राय को बताया निर्दोष : कहा– कार्य प्रणाली में हुई चूक, दोषियों को मिलेगी सजा।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ आर सुल्तानपुर में विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बनाकर विकास को दी गति।
3. राज्य में वृक्षारोपण महाभियान के तहत 12 जुलाई को लगाय जाएंगे 35 करोड़ पौधे : मुख्यमंत्री ने अभियान को जवाबदेही के साथ संपन्न कराने के दिए निर्देश।

और

4. लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत : मौसम विभाग न कल पश्चिमी यूपी के ज्यादातर हिस्सों में वर्षा का जताया अनुमान।

———————

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा है कि मंदिर में चढ़ावा गबन मामले के बाद भी दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई है।

उन्होंने पूरे प्रकरण में ट्रस्ट क महासचिव रहे चंपतराय को निर्दोष बताया है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कार्यप्रणाली में उनसे असावधानी जरूर हुई। बाइट.....

*बत्तीस वर्षों से जानता हूं और इसलिए ऐसी कोई लिप्तता उनमें होगी ऐसा मैं सोच भी नहीं सकता हूं। लेकिन कार्य पद्धति के बारे में वे स्वयं असावधान रहे यह बात तो माननी ही पड़ेगी।*

श्री गिरि महाराज ने कहा कि जो कुछ हुआ है, वह निगरानी में कमो और सावधानी न बरतने का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्याय होगा और दोषियों को दंड मिलेगा। बाइट....

*यह सारा जो हुआ यह negligence का परिणाम है। यह निगरानी न रखने का परिणाम है। सावधान न रहने का परिणाम है। हम लोगों को अब सावधान हो जाना चाहिए। पहले ही हो जाना चाहिए था लेकिन अब तो भी हो ही जाना चाहिए। यह निश्चय ट्रस्ट ने किया है। बिल्कुल ठीक बात है। न्याय होगा, न्याय होना चाहिए और जो अपराधी है उनको दंड भी मिलना चाहिए क्योंकि यह अत्यंत गहरी चोट उन्होंने सारे राम भक्तों के अंतःकरण पर की है।*

इस मामले में श्री रामजन्म भूमि न्यास के महासचिव रहे चम्पत राय ने एक पत्र में कहा है कि वह एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट जमा होने के बाद अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का जवाब देंगे। वहीं मंदिर में चढ़ावा गबन मामल की जांच में अब पुलिस आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस ने अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे की एक सप्ताह की कस्टडी रिमांड मांगी

थी, लकिन कोर्ट ने तीनों आरोपियों की 18 घंटे की कस्टडी रिमांड मंजूर की है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज सुरक्षा, सुशासन और रोजगार का एक मॉडल स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने यह बात आज प्रतापगढ़ में 384 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने अपनी कार्यशैली से विकास को गति दी है। बाइट.....

*यह वही प्रदेश है। हमने यह डबल इंजन की भाजपा सरकार ने, एनडीए सरकार ने कोई अलग से नहीं किया। तंत्र वही, लोग वही, राज्य वही, केवल कार्य करने की स्टाइल बदली है। हर गरीब को उसका हक मिले, हर नौजवान का रोजगार पर अधिकार है, हर अन्नदाता किसान को शासन की योजना का लाभ मिले।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुल्तानपुर को 819 करोड़ रुपये से अधिक की 99 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कनेक्टिविटी सुधारकर पूर्वांचल को विकास से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि जनता जब अच्छी सरकार चुनती है, तो सुरक्षा का

माहौल बनता है, और जब सुरक्षा का माहौल होता है, तो प्रगति को गति भी मिलती है, जिससे विकसित भारत की संकल्पना को मजबूती मिलती है। बाइट.....

*अच्छी सरकार चुनती है तो सुरक्षा का माहौल खड़ा होता है। सुरक्षा का माहौल जब खड़ा होता है तो विकास भी होता है और आवागमन के लिए अच्छी सड़कें बनती हैं। अच्छी सड़कें केवल कनेक्टिविटी का आधार नहीं है, हमारी प्रगति का भी आधार बनता है।*

इसके बाद मुख्यमंत्री ने वाराणसी पहुंचकर कानून व्यवस्था, विकास परियोजनाओं और बारिश के मद्देनजर संभावित बाढ़ को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

————————

प्रदेश में वृक्षारोपण महाभियान के तहत 12 जुलाई को 35 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे। हरियाली का यह उत्सव जनसहभागिता से मनाया जाएगा। अभियान को लेकर आज वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने राज्य सरकार के मंत्रियों संग बैठक की। पेश है एक रिपोर्ट.....

*वन राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने बैठक में कहा कि 12 जुलाई को सभी विभागों के सहयोग से पूरे प्रदेश में पौधरोपण महाभियान चलाया जाएगा, जिसमें केंद्र–प्रदेश सरकार के विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्कूलों–कॉलेजों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि नोडल वन विभाग सर्वाधिक 15 करोड़ 50 लाख पौधे लगाएगा। इससे पहले कल मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वृक्षारोपण महाभियान 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 12 जुलाई को प्रस्तावित वृहद वृक्षारोपण अभियान को पूरी तैयारी, समन्वय और जवाबदेही के साथ संपन्न कराया जाए। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ का आज 24वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छात्रों को अपनी योग्यता पर भरोसा रखकर राष्ट्रहित में कार्य करने की जरूरत है। दीक्षांत समारोह में कुल 83 छात्रों को 84 पदक दिए गए। वहीं 62 हजार 537 छात्रों को डिग्री और 52 छात्रों को पीएचडी अवॉर्ड भी प्रदान किए गए।

——————————

प्रदेश के होमगाड्र्स और नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने आज वृंदावन में बताया कि प्रदेश

कैबिनेट ने होमगार्ड स्वयं सेवकों और उनके आश्रितों के लिए 5 लाख रुपये तक के कैशलस इलाज की सुविधा को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार होम गार्ड्स विभाग में तैनात अवैतनिक अधिकारियों को भी इस सुविधा के दायरे में लाया गया है। बाइट......

*एक बड़ा ऐतिहासिक निर्णय माननीय मुख्यमंत्री जी ने किया। होमगार्ड के जवानों के लिए हर थाने में दो रूम की व्यवस्था रहेगी। एक रूम लड़कियों के लिए, एक रूम लड़कों के लिए। होमगार्ड और अवैतनिक हमारे पदाधिकारी सभी के परिवार को कैशलेस की व्यवस्था से जोड़ा है। आसमान की तरह ₹5 लाख की इलाज की व्यवस्था हमारे होमगार्ड जवान के लिए। कल ही कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हुआ। ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं होमगार्ड विभाग के लिए सभी।*

————————

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज मिर्ज़ापुर में बहुउद्देशीय खाद, बीज और प्रसार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक संसाधनों और तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। बाइट.....

*बीस लाख रुपए के लगभग लागत से यहां पर किसान कृषि कल्याण केंद्र बनाया गया है। प्रदेश के भीतर लगभग 380 स्थानों पर हम लोग कृषि ब्लॉक विकास खंडों में यह बना रहे हैं। जिसमें से एक पहाड़ी ब्लॉक मिर्जापुर जनपद के भीतर आज इसका लोकार्पण करने का अवसर मिला है। इतना भव्य भवन कभी भी किसी सरकार ने किसानों के बैठने के लिए नहीं दिया।*

————————

हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक आयोजित होने वाली मेन्स यूथ हॉकी 5 एस एशियन चंपियनशिप 2026 से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए उत्तर प्रदेश के पांच खिलाड़ियों को चुना है। इन खिलाड़ियों के नाम शाहरुख अली, राहुल यादव, केतन कुशवाहा, रोमित पाल और प्रहलाद राजभर हैं।

——————————

प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह से मौसम में बदलाव दखने को मिला। राजधानी लखनऊ समेत फर्रुखाबाद, शामली, बिजनौर, जौनपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़ समेत कई स्थानों पर बारिश हुई है। मौसम विभाग ने कल राज्य के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

(समाप्त)